!!सबका सम्मान!! !!सबका उत्थान!! !!सबका कल्याण!!



सही चुनाव, बड़ा बदलाव
चुनाव चिन्ह
चुनाव चिन्ह
डा.रमेश चन्द्र मिश्रा
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अपनी जनतांत्रिक पार्टी (A.J.P)



# अपनी जनतांत्रिक पार्टी



## डॉ. रमेश चन्द्र मिश्रा

राष्ट्रीय अध्यक्ष - अपनी जनतांत्रिक पार्टी

!!सबका सम्मान!! !!सबका उत्थान!! !!सबका कल्याण!!

!! देश हित !! !! समाज हित !! !! राष्ट्र सेवक हित !!

## सही चुनाव, बड़ा बदलाव

चुनाव चिन्ह

चुनाव चिन्ह



डा.रमेश चन्द्र मिश्रा

राष्ट्रीय अध्यक्ष

## अपनी जनतांत्रिक पार्टी (A.J.P)

# अपनी जनतांत्रिक पार्टी

!!सबका सम्मान!! !!सबका उत्थान!! !!सबका कल्याण!!

!! देश हित !! !! समाज हित !! !! राष्ट्र सेवक हित !!

# संक्षिप्त इतिहास

उन्नाव की क्रान्तिकारी विचारों की वीर प्रसूता धरती पर वर्ष 2017 में कई युवा जो सामाजिक बुराइयों के विरुद्व संघर्ष करने की व्यवस्था में परिवर्तन और जनहित के लिए हमेशा उपस्थित रहने का संकल्प लेते हुए स्वंय को पवन पुत्र हनुमान जी का सैनिक मानते हुए "बाहुबली सेना" का गठन क्षेत्र के प्रतिष्ठित, युवा समाजसेवी, जनसेवक डॉ. रमेश चन्द्र मिश्रा जी के नेतृत्व में किया गया और सर्वप्रथम उन्नाव जनपद की क्षेत्रीय समस्याओ की गरीब, अस्वस्थ, वृद्धों, महिलाओं और छोटे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो इसके लिए तहसील, ब्लाक स्तर पर कार्य प्रारम्भ किया। अपने प्रारम्भिक प्रयत्नों में जनता का आशा से अधिक सहयोग और सामाजिक परिवर्तन की दिशा मे सफलता से उत्साहित होकर उ.प्र.के अन्य जिलों में भी "बाहुबली सेना" की शाखाओं का विस्तार कर संगठन को मजबूत किया गया। राष्ट्रीय प्रमुख जी के व्यक्तित्व और हर जगह सक्रिय उपस्थित से देश के अन्य प्रदेशों में भी बाहुबली सेना के बैनर के नीचे शिक्षा की गुणवत्ता, विस्तार, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापिक व सुलभ उपलब्धि, कानून व्यवस्था के द्वारा अपराधियों पर कठोर कार्यवाही व न्याय की शीघ्र व सस्ती पहुच के साथ किसानो को अच्छे गुणवत्ता बीज, खाद उपलब्ध कराने, भण्डारण, विपणन, प्रसंस्करण द्वारा उनके उत्पादों का लाभकारी मूल्य मिले, इन सभी विषयों पर अपनी सम्पूर्ण टीमों/संगठन को सक्रिय किया व कुछ उद्देश्य भी निश्चित किये जिससे "बाहुबली सेना" एक अनुशासनबद्ध संगठन के रूप मे सफलता पूर्वक विस्तार कर पा रहा हैं। चूंकि लोकतंत्र में बगैर निर्वाचन मे भाग लिये हुए राजनीतिक रूप से जब तक सत्ता में प्रत्यक्ष या परोक्ष भागीदारी नही होती तब तक जनहित के कई कार्य कराने संभव नही हो पाते इसलिये बाहुबली सेना ने "अपनी जनतांत्रिक पार्टी "के रूप मे एक अनुसांगिक राजनीतिक पार्टी के गठन का निर्णय लिया और यह संगठन बाहुबली सेना के सभी उद्देश्यों व कर्तव्यों को कार्यरूप देने के लिए आपके सहयोग की अपेक्षा करता हैं।

# उद्देश्य

1. भारत को एक प्रमुख शक्ति के रूप मे स्थापित करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हैं जो भारत का मित्र होगा उससे हमारी मित्रता होगी।
2. भारत देश को सुरक्षा, अखण्डता व सम्प्रभुता को जो लोग चुनौती देंगे वो अपनी जनतांत्रिक पार्टी के शत्रु होंगे।
3. अपनी जनतांत्रिक पार्टी राष्ट्र की संस्कृति (धरोहर) की सुरक्षा के लिए संकल्पित है।
4. नागरिको में राष्ट्र के प्रति श्रद्धा एवं सदभाव उत्पन्न करके राष्ट्रीय एकता व अखण्डता को सुदृढ़ करना।
5. विध्वंसकारी शक्तियों के विरुद्ध एक जुट होकर सामना करना।
6. समाज में सक्रिय असमाजिक तत्वों का उन्मूलन कर समाज को स्वच्छ बनाना। राष्ट्र की एकता अखण्डता के प्रति सजग करना।
7. राष्ट्र व नागरिकों की रक्षा हेतु सदैव प्रयत्नशील रहना।
8. देश के विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त हिंसा, क्षेत्रीय जातिवादिता विघटन व अराजकता को रोकने के लिए राष्ट्र सेवको संगठित करना।
9. विभिन्न सम्प्रदायों द्वारा चलाये जा रहे धर्म परिवर्तन के कुचक्र को रोकना।
10. अपनी जनतांत्रिक पार्टी सभी धर्म एवं सम्प्रदाओं का सम्मान करता है लेकिन सभी धर्म एवं सम्प्रदओं अपने अपने धर्मों का पालन करते हुए समस्त धर्मों का सम्मान करें।
11. निर्बल, दलित, गरीब परिवारों की सुरक्षा व सहायता करना।
12. राष्ट्र, धर्म व संस्कृति की रक्षा करना व गोरक्षा पर राष्ट्रीय कानून बनवाना।
13. जनता को उसके मूलभूत अधिकारों को दिलाने हेतु संघर्ष करना।
14. राष्ट्र हितों के लिए समर्पित होकर संघर्षरत रहना।
15. वंचितो, कृषकों एवं मजदूरों के मूलभूत अधिकारो के लिये सघंर्ष करना।
16. कृषक तथा मजदूर हितों तथा उनके जीवन स्तर में बदलाव के लिए प्रयासरत रहना।
17. कृषक व ग्रामीण क्षेत्रो के विकास एवं मिल रही सुविधाये दिलवाना तथा उनके अधिकारो के प्रति उन्हे जागरूक करना व प्रशिक्षित करना, बेरोजगारों के लिए उपयुक्त रोजगार की व्यवस्था करना।
18. दहेज रहित विवाहों को प्रोत्साहन देना, महिलाओं की सुरक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है।
19. समग्र समाज सेवा, देश सेवा, ग्राम सेवा एवं मानव सेवा का कार्य करना हमारा लक्ष्य है।
20. सभी नागरिको के लिए एक समान अधिकार कानून संसद से पारित कराना।
21. आरक्षण व्यवस्था के नाम पर सामाजिक बंटवारे के विरुद्ध संघर्ष करना।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के सुविचार

★ अपनी सहायता अपने आप कीजिए। किसी की सिफारिश या प्रभाव के सहारे आगे बढ़ने का प्रयत्न आपके सम्पूर्ण भविष्य को नष्ट कर देगा। स्वंय को इस योग्य बनाइये कि आपको किसी का सहारा लेने की आवश्यकता न पड़े। अपने अन्दर अथाह साहस व विश्वास जगाइए, आनन्द तो उसी उन्नति में आता है जो स्वंय के द्वारा प्राप्त हो।

★ समन्वय की भावना शक्ति है। विरोध और विषमता की भावना दुर्बलता है। निराशवादी भावनाओं उन झाड़ियों के समान है जिनके उगने से फसल कमज़ोर पड़ जाती है। हमारी लगभग सभी समस्याओं का अन्त हो सकता है यदि हम यह समझ लें कि मन के सिद्धांतो का भी वही महत्व है जो वैज्ञानिक या शारीरिक सिद्धान्त का। मस्तिष्क में प्रत्येक विचार एक बीज है जिनको फसल अवश्य दिखेंगी।

## दिशा निर्देश

1. बैठक व समारोह मे अपने गले मे दो रंग (पीला व नारंगी) कपड़ा का प्रत्येक कार्यकर्ता पदाधिकारी को धारण करना अनिवार्य है।
2. अपने निवास स्थान पर नाम की पट्टिका व अपना पद लिखे व अपने वाहनों पर भी अपनी जनतांत्रिक पार्टी की पटिका लगाये।
3. बैठक व समारोह स्थल पर किसी मादक पदार्थ अथवा पान मसाला, पान सिगरेट इत्यादि का सेवन करना पूर्णताः वर्जित है।
4. प्रत्येक राष्ट्र सेवक के लिये आनिवार्य है कि दूसरो के लिये सम्मान सूचक शब्दो का प्रयोग करें, और उसकी भाषा अथवा आचरण से अनुशासनहीनता न दर्शित हों।
5. बैठक /समारोह मे विषय पूर्व से सुनिश्चित हो कितने वक्ता होगें, उसका आवंटित समय अवधि व किस विषय मे उनको बोलना है इसकी जानकारी उन्हे पूर्व मे ही दे दी जाए।
6. सभी राष्ट्र सेवको से आग्रह है कि वो अपने निर्धारित पदों का ही उपयोगकरें। भ्रम वश अन्य पद का नाम उपयोग करने से पार्टी मे भ्रांन्ति पैदा होती है व समाज मे पार्टी की छवि धूमिल होती है। आशा है कि सभी "राष्ट्र सेवक" इन नियम का कठोरता से पालन करेंगे।
7. पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति आस्था व विश्वास रखें व मान सम्मान की रक्षा करें।
8. कोई भी "राष्ट्र सेवक" पद ग्रहण करते समय स्वयं आत्म मंथन कर ले कि मिलने वाली जिम्मेदारी का निर्वाह कर पायेगा अथवा नही, अपनी क्षमता अनुसार ही दायित्व ग्रहण करें।

!!सबका सम्मान!! !!सबका उत्थान!! !!सबका कल्याण!!

!! देश हित !! !! समाज हित !! !! राष्ट्र सेवक हित !!




## ★ राष्ट्रीय मुख्यालय ★

संकट मोचन भवन, अमरपुर आँव, जनपद- उन्नाव (उत्तर प्रदेश)

## ★ राष्ट्रीय कैम्प कार्यालय ★

8A/18 कान्त कुन्ज, गीता कालोनी, नई दिल्ली - 110031

सम्पर्क सूत्र - 9305770016, 9140644848

!!सबका सम्मान!! !!सबका उत्थान!! !!सबका कल्याण!!

!! देश हित !! !! समाज हित !! !! राष्ट्र सेवक हित !!